एम.बी.ए. पाठ्यक्रम 2014–15 की प्रवेश प्रक्रिया
अर्हकारी परीक्षा (स्नातक) के अंकों की वरीयता के आधार पर प्रवेश
अंतिम तिथि– 31 जुलाई 2014

विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2014–15 के लिये अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद **(ए.आई.सी.टी.ई.) से मान्यता प्राप्त एम.बी.ए. पाठ्यक्रम** संचालित कर रहा है। एम.बी.ए. पाठ्यक्रम के लिये कुल 60 स्थान निर्धारित हैं। विश्वविद्यालय में संचालित एम.बी.ए. पाठ्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है –

1– एम.बी.ए.– मीडिया मैनेजमेंट (एम.बी.ए. : एम.एम.) – 15 स्थान

2– एम.बी.ए.– एडवरटाईजिंग एंड मार्केटिंग कम्युनिकेशन (एम.बी.ए.:ए.एम.सी)–15 स्थान

3– एम.बी.ए.– एंटरटेनमेंट कम्युनिकेशन (एम.बी.ए. : ई.सी.) – 15 स्थान

4– एम.बी.ए.– कॉरपोरेट कम्युनिकेशन (एम.बी.ए.: सी.सी.) – 15 स्थान

मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थाओं में संचालित एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा ऑनलाईन ऑफकैम्पस काउंसलिंग कार्यक्रम घोषित किया गया है। अभ्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से अधिकृत सहायता केंद्रों से अथवा एम.पी.ऑनलाईन के मध्यप्रदेश स्थित किसी भी कियोस्क से वेबसाईट **www.dtempcounselling.org** या **www.mponline.gov.in** के माध्यम से काउंसलिंग में शामिल हो सकते है।

1. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा निर्धारित की गई प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाईन पंजीयन कराना होगा। स्नातक परीक्षा में 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण (अ.जा./अ.जा.जा. के लिये 45 प्रतिशत) उम्मीदवार पंजीयन हेतु पात्र होंगे। इस हेतु 31 जुलाई 2014 तक एमपी ऑनलाईन के माध्यम से www.mponline.gov.in पर ऑनलाईन पंजीयन एवं अधिकृत सहायता केंद्रों में दस्तावेजों का सत्यापन कराने के उपरांत प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय का चयन ऑनलाईन माध्यम से करना होगा। प्रवेश संबंधी/ऑनलाईन काउंसलिंग की जानकारी के लिये दूरभाष क्र. 0755–2552998 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
2. अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा एम.बी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु घोषित कार्यक्रम साथ प्रस्तुत किया जा रहा है।
3. तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी ऑनलाईन ऑफकैम्पस काउंसलिंग 2014–15 के लिये अभ्यार्थी मार्गदर्शिका वेबसाईट **www.dtempcounselling.org** पर उपलब्ध है।
4. विश्वविद्यालय में संचालित एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय विवरणिका 2014–15 में दिया गया है। इस हेतु **ADMISSION-2014** लिंक पर क्लिक कर **PROSPECTUS** डाउनलोड किया जा सकता है।
5. एम.बी.ए. पाठ्यक्रम का सम्पूर्ण 2 वर्ष का शुल्क 51,910/– रुपये निर्धारित किया गया है। यह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आठ किश्तों में देय होगा। **PROSPECTUS** एवं शुल्क विवरण **ADMISSION-2014** लिंक पर उपलब्ध है।

(डॉ. पवित्र श्रीवास्तव)
निदेशक, प्रवेश